ANTIM VIKALP NEWS

हिस्ट्रीशीटर चला रहा था नकली सॉस की फैक्ट्री, एसपी सिटी को छापेमारी के दौरान मिली 5100 बोतलें

बरेली। जनपद के थाना बारादरी क्षेत्र मे गुरुवार की शाम को जुए और सट्टे की सूचना पर छापेमारी के लिए निकली थी। इस दौरान पुलिस को एक हिस्ट्रीशीटर मिला। पुलिस ने जब उसका पीछा किया तो उसकी नकली चिली सॉस बनाने की फैक्ट्री का पता चल गया। वहां पर बड़ी मात्रा में नकली चिली सॉस और अन्य सॉस बरामद हुए। थाना बारादरी क्षेत्र के गंगापुर में एसपी सिटी मानुष पारीक, बारादरी थाना पुलिस के साथ सट्टे की सूचना पर छापेमारी के लिए पहुंचे थे। पुलिस को जुआ-सट्टा तो नही मिला, लेकिन वहां एक नकली चिली सॉस बनाने की फैक्ट्री जरूर मिल गई। जब एसपी सिटी पुलिस टीम के साथ फैक्ट्री के अंदर दाखिल हुए तो वहां हर तरफ सॉस और चिली की बोतलें दिखाई दी। पुलिस को जानकारी मिली कि यह नकली सॉस और चिली बनाने की फैक्ट्री हिस्ट्रीशीटर चंदलाल की है। इसके बाद जब पुलिस ने पूरी फैक्ट्री की तलाशी ली तो वहां से 5100 बोतलें चिली और विभिन्न प्रकार के सॉस बरामद हुए। इस फैक्ट्री में टोमैटो सॉस, ग्रीन चिली सॉस, विनेगर, सोया सॉस जैसे उत्पाद बनाए जा रहे थे। एसपी सिटी ने बताया कि गंगापुर, जो बारादरी थाना क्षेत्र मे आता है, वहां से जुए-सट्टे की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। हिस्ट्रीशीटर चंदलाल का पीछा करते हुए उसका गोदाम मिला। जिसमें वह अवैध फैक्ट्री चला रहा था। इस फैक्ट्री में टोमैटो सॉस, ग्रीन चिली सॉस, विनेगर, सोया सॉस जैसे उत्पाद बनाए जा रहे थे। प्रथम दृष्टया ये उत्पाद नकली प्रतीत हो रहे है। फैक्ट्री मे बड़ी मात्रा में केमिकल और कई प्रकार के एसिड्स मिले हैं। अभी तक की गिनती के अनुसार, 5100 एक लीटर की सॉस की बोतलें बरामद हुई हैं, जिनमें नकली टोमैटो सॉस और ग्रीन चिली सॉस शामिल हैं। ये सॉस चाउमीन की दुकानों और फास्ट फूड बेचने वाले ठेलों पर सप्लाई किए जा रहे थे। मामले की जांच के लिए एफएसडीए (खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन) विभाग को भी बुलाया गया है, जो इसकी जांच कर रहा है।।

Source:
https://antimvikalp.com/news/%E0%A4%B9%E0%A4%BF%E0%A4%B8%E0%A5%8D%E0%A4%9F%E0%A5%8D%E0%A4%B0%E0%A5%80%E0%A4%B6%E0%A5%80%E0%A4%9F%E0%A4%B0-%E0%A4%9A%E0%A4%B2%E0%A4%BE-%E0%A4%B0%E0%A4%B9%E0%A4%BE-%E0%A4%A5%E0%A4%BE-%E0%A4%A8/